साहिबगंज से किउल तक के मार्ग का विद्युतीकरण

2446. **श्री जनार्दन यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या साहिबगंज से किउल तक के मार्ग का विद्युतीकरण करने संबंधी कोई योजना विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक आरंभ हो जाएगा ; और

(ग) यदि नही, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी नही ।

(ख) प्रश्न नही उठता ।

(ग) यातायात के कम घनत्व के कारण साहिबगंज-क्यूल खंड को विद्युतीकृत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

बरौनी-कटिहार खंड का पूरा किया जाना

2447. **श्री नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के बरौनी-कटिहार खण्ड में मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कार्य पूरा हो चुका है ।

(ख) क्या इस मंडल के समस्त प्लेटफार्मों का स्तर बढाया जा चुका है, और

(ग) यदि नहीं, तो रेल प्रशासन आम यात्रियों की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को कब तक पुरा करने का विचार रखता है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) इस खंड के उन सभी स्टेशनो, जहां पर महत्वपूर्ण मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां ठहरती हैं, पर ऊंची सतह वाले प्लेटफार्मों की व्यवस्था की गई है सिवाय थानाबीहपुर स्टेशन के जहां इस समय निचली सतह वाला प्लेटफार्म है, जिसे आने वाले वर्षों में रेलवे के अन्य खण्डों पर समान महत्व वाले शेष स्टेशनों के साथ ऊंचा करने के बारे में भी विचार किया जाएगा, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हो ।

पूर्वी बिहार से दिल्ली और पंजाब तक नयी रेलगाड़ियों का चलाया जाना

2448 **श्री नरेश यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी बिहार से बड़ी संख्या में मजदूर अपनी रोजी-रोटी ढूंढने हेतु प्रतिदिन पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की यात्रा रेलगाडी से करते है ।

(ख) क्या यह भी सच है कि उनके लिए एकमात्र रेलगाड़ी महानंदा एक्सप्रेस है जो ऐसे यात्रियों की संख्या को देखते हुए अपर्याप्त हैं ;

(ग) क्या सरकार यात्रियों की भीड़ और उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दिल्ली तथा पंजाब के लिए एक नयी रेलगाड़ी चलाने का विचार रखते हैं ;

(घ) यदि हां, तो कब तक; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी हा,

(ख) और (ग) जी नहीं,

(घ) प्रश्न नहीं उठता,

(ङ) 4007-4007 ए/4008-4008 ए दिल्ली-मुजफ्फरपुर/समस्तीपुर एक्सप्रेस (सप्ताह में 4 दिन) हाल ही में चलाई गई है ।

सूरत से इलाहाबाद के लिए सीधी रेलगाड़ी

2449. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसा कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें सूरत से इलाहाबाद के लिए रेल सेवा शुरू करने या सूरत से पूर्वोत्तर क्षेत्र की ओर जाने वाली किसी रेलगाड़ी को बरास्ता इलाहाबाद से होकर चलाने के संबंध में अनुरोध किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) और (ख) सूरत और इलाहाबाद के बीच एक गाड़ी शुरू करने तथा 4245/4246 सूरत-वाराणसी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित करके इसे इलाहाबाद के रास्ते चलाने के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ;

(ग) जांच की गई है लेकिन फिलहाल व्यावहारिक नही पाया गया ।

Konkan Railway Project

2450. SHRI K. RAHMAN KHAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :